## एक नजर में

### उपचुनाव : शराब दुकानें 30 तक रहेंगी बंद

**ग्वालियर.** दतिया विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रुचिका चौहान ने अहम आदेश जारी किया है. जिसके तहत दतिया विधानसभा क्षेत्र से लगे ग्वालियर जिले के तीन किलोमीटर सीमावर्ती क्षेत्र में संचालित सभी शराब दुकानों एवं अन्य अनुज्ञप्ति प्राप्त मदिरा केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद रखने के आदेश जारी किए हैं. जारी आदेश के अनुसार संबंधित क्षेत्र में 28 जुलाई को शाम 6 बजे से 30 जुलाई को मतदान समाप्त होने तक सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी. इस अवधि को शुष्क दिवस घोषित किया गया है.

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**मक्सी.** मक्सी रेलवे क्षेत्र के छोटी फाटक अंडरब्रिज के ऊपर सोमवार शाम मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. प्रारंभ में मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके चलते जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल भिजवाया था. मंगलवार सुबह मृतक की पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. जीआरपी चौकी मक्सी के प्रधान आरक्षक प्रताप सिंह देवड़ा ने बताया कि मृतक की पहचान रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमर निवासी सुरपाल पिता कांची के रूप में हुई है.

### शादी का झांसा देकर छात्रा से किया दुष्कर्म

**ग्वालियर.** हजीरा थाना इलाके में दोस्ती की आड़ में एक कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म और उसे आत्महत्या के लिये मजबूर करने का मामला सामने आया है. यह आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर लगभग एक साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया और बाद में शादी से मना कर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी है. मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर छात्रा ने अपनी कलाई की नसें काट ली. फांसी लगाने का प्रयास किया, समय रहते मां ने उसे बचा लिया. रविवार को पुलिस ने आरोपी को खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# निशातपुरा भोपाल का चौथा रेलवे स्टेशन




## मुख्यमंत्री ने दिखाई मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी

**भोपाल, 28 जुलाई. राजधानी भोपाल को मंगलवार को बड़ी रेल सुविधा की सौगात मिली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवनिर्मित निशातपुरा रेलवे स्टेशन का शुभारंभ करते हुए यहां से मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**

अब सोमनाथ -जबलपुर एक्सप्रेस का नियमित ठहराव भी निशातपुरा स्टेशन पर शुरू हो गया. करीब तीन साल से तैयार इस स्टेशन को अब यात्रियों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है. इसके साथ ही निशातपुरा भोपाल का चौथा रेलवे स्टेशन बन गया है.

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक विष्णु खत्री, महापौर मालती राय भी मौजूद रहे. डॉ. यादव ने कहा कि 14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित निशातपुरा स्टेशन से आसपास के क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी. इससे व्यापार, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी. निशातपुरा स्टेशन के शुरू होने से मुख्य भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का दबाव कम होगा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. प्रदेश के रेल नेटवर्क पूरी तरह विद्युतीकृत हो चुका है और लगातार नई रेल परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है. रेलवे के अनुसार शुरुआती चरण में मालवा एक्सप्रेस और सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस का नियमित ठहराव निशातपुरा स्टेशन पर रहेगा. इन ट्रेनों का भोपाल स्टेशन पर ठहराव समाप्त किया जाएगा. ऐसे में पहले से टिकट बुक करा चुके यात्रियों को अब निर्धारित समय पर निशातपुरा स्टेशन से ही ट्रेन पकड़नी होगी.

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि निशातपुरा रेलवे स्टेशन पूरे भोपाल, विशेष रूप से नरेला क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 (द्वारका नगर) से निशातपुरा तक देश का पहला छह रेलवे ट्रैक पार करने वाला रेल ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है. इससे यात्रियों का आवागमन आसान और तेज होगा. रेलवे का मानना है कि निशातपुरा स्टेशन के संचालन से भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों का दबाव कम होगा. साथ ही भविष्य में नई ट्रेनों के संचालन और बेहतर रेल प्रबंधन में भी मदद मिलेगी. यह स्टेशन राजधानी की रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेगा.



# अब भी मध्यप्रदेश में 17% वर्षा कम हुई

## 08 जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी

**भोपाल, 28 जुलाई. मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है और मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के आठ जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.**

विभाग के अनुसार सतना, कटनी, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, सिवनी, रायसेन और बैतूल में चार इंच या उससे अधिक बारिश होने की संभावना है. इसके अलावा कई अन्य जिलों में भी गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं.

राजधानी भोपाल में मंगलवार सुबह से बूंदाबांदी का दौर जारी रहा. वहीं सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सागर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, खरगोन, खंडवा, धार, झाबुआ, बड़वानी, देवास, मंदसौर और रतलाम सहित कई जिलों में भी बारिश की संभावना जताई गई है.

हालांकि मानसून सक्रिय होने के बावजूद प्रदेश में बारिश का वितरण अभी भी असमान बना हुआ है. अब तक मध्य प्रदेश में औसतन 13.2 इंच (336.7 मिमी) वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस समय तक सामान्य रूप से 16 इंच (407 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी. इस तरह प्रदेश में अब भी 17 प्रतिशत वर्षा की कमी* बनी हुई है. पूर्वी मध्य प्रदेश में सामान्य से 20 प्रतिशत और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 15 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है.

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उत्तर ओडिशा तट के पास पहुंच चुका है. यह सिस्टम झारखंड और छत्तीसगढ़ होते हुए मध्य भारत की ओर बढ़ेगा. इसके प्रभाव से 30 जुलाई तक मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का दौर देखने को मिल सकता है. मौसम विभाग ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने, नदी-नालों से दूरी बनाए रखने और खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है.

# भाजपा का समरसता अभियान आज से

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 जुलाई. भाजपा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा. यह अभियान पांच चरणों में पूरा होगा और प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन होगा.**

अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई को समरसता दीपोत्सव के साथ होगा. प्रदेश के 62 संगठनात्मक जिलों, 1313 मंडलों के 21 हजार स्थानों पर एक साथ दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा. जिन स्थानों पर गुरु रविदास मंदिर हैं, वहां तथा जहां मंदिर नहीं हैं, वहां सार्वजनिक



स्थलों पर संत रविदास महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे. यह जानकारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान दी. उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सभी संत.महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समाज के सभी वर्गों से अभियान में सक्रिय आगीदारी का आह्वान किया है.

सोलंकी ने कहा कि अभियान का दूसरा चरण कलश वंदन अभियान होगा. गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी की पावन मिट्टी से भरे कलश वाराणसी से देशभर के लिए रवाना होंगे. प्रदेश के लिए यह कलश यात्रा वाराणासी से लगभग 1100 किलोमीटर की यात्रा करते हुए सिंगरौली से प्रदेश में प्रवेश करेगी तथा सीधी, रीवा, सतना, मैहर, कटनी, दमोह, सागर, विदिशा एवं रायसेन में भव्य स्वागत-अभिनंदन के बाद भोपाल पहुंचेगी.

# मूंग खरीदी में तेजी लाए सरकार

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 जुलाई. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य सरकार से मूंग की खरीदी में तेजी लाने की मांग करते हुए कहा है कि सरकारी खरीद की धीमी रफ्तार के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.**



उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है. कमलनाथ ने अपने पत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए मध्य प्रदेश से 4.54 लाख मीट्रिक टन मूंग खरीदी का कोटा निर्धारित किया है, जो देश के कुल खरीद लक्ष्य का लगभग 87 प्रतिशत है. इसके बावजूद विभिन्न समाचार माध्यमों में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार 16 जुलाई तक निर्धारित लक्ष्य का केवल लगभग दो प्रतिशत ही खरीदा जा सका है.

उन्होंने कहा कि केंद्र से इतना बड़ा कोटा मिलने के बावजूद उसका समुचित उपयोग न होना किसानों के साथ अन्याय है. इससे किसानों को अपनी उपज समर्थन मूल्य के बजाय कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है.

# बारिश से जलभराव पर महापौर ने जताई नाराजगी

**मुरैना, 28 जुलाई. शहर में मंगलवार को सुबह हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई. हालात का जायजा लेने पहुंचीं नगर निगम की महापौर शारदा सोलंकी ने जलनिकासी व्यवस्था को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई. इस दौरान उनकी नगर निगम आयुक्त से तीखी नोकझोंक भी हुई.**

महापौर ने एमएस रोड पर संग्रहालय से बिजली घर तक सड़कों पर भरे पानी का निरीक्षण किया और नगर निगम आयुक्त से पूछा कि बारिश से पहले नालों की समुचित सफाई क्यों नहीं कराई गई, जिससे शहर में जलभराव की स्थिति बनी. बताया गया कि इस दौरान आयुक्त ने कहा कि वह अपने हिसाब से कार्य करेंगे. इस पर महापौर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यदि ऐसा है तो उन्हें लिखित रूप में इसकी जानकारी दी जाए. इसके बाद कुछ देर तक दोनों के बीच तीखी बहस हुई और आयुक्त वहां से रवाना हो गए. बारिश के बाद जलभराव को लेकर महापौर और नगर निगम आयुक्त के बीच हुई इस नोकझोंक की शहर में व्यापक चर्चा है. वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रत्येक वर्ष बारिश के दौरान जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है.

# नशा मुक्ति : इंदौर पुलिस ने रचा विश्व रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 ( से नो टू ड्रग्स )' अभियान के तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने एक साथ 1,75,451 नागरिकों को ऑनलाइन नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है.**

यह उपलब्धि प्रदेश में नशा विरोधी जन-जागरूकता अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है. सोमवार को आयोजित इस ई-शपथ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों, प्रशिक्षण संस्थानों, सरकारी एवं निजी संगठनों, कॉर्पोरेट कार्यालयों, सामाजिक



संस्थाओं, नशा मुक्ति केंद्रों तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने एक साथ भाग लिया. सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया.

मुख्य कार्यक्रम का संचालन इंदौर पुलिस आयुक्त कार्यालय से किया गया, जिसे जूम, यूट्यूब और अन्य डिजिटल माध्यमों से शहर के शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस इकाइयों और विभिन्न संगठनों से लाइव जोड़ा गया. पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने सामूहिक शपथ दिलाई. यह उपलब्धि इंदौर पुलिस के वर्ष 2025 के उस रिकॉर्ड से भी आगे निकल गई, जब 85,003 लोगों ने एक साथ नशा मुक्ति की शपथ ली थी. वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों की संख्या और प्रमाणन प्रक्रिया का सत्यापन करने के बाद इस उपलब्धि को आधिकारिक रूप से विश्व रिकॉर्ड के रूप में मान्यता प्रदान की.

# शराब तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 28 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए इंदौर, छतरपुर और मैहर में समन्वित कार्रवाई कर 1.31 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध शराब और वाहनों को जब्त किया है. अलग-अलग मामलों में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है.**

मुखबिर की सूचना पर इंदौर पुलिस ने शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने 927 पेटियों में भरी 11,124 लीटर अवैध शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रक और एक कार जब्त की. जब्त



सामग्री का कुल मूल्य लगभग 1.10 करोड़ रुपये आंका गया है.

वहीं मैहर जिले के ताला थाना पुलिस ने अलग कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार कर 61.38 लीटर अवैध शराब तथा लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की एक मोटरसाइकिल जब्त की.

### छतरपुर में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

छतरपुर जिले के गुलगंज थाना पुलिस ने टीकमगढ़ रोड स्थित कथन नदी पुल के पास एक ट्रक को रोककर तलाशी ली. कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 125 पेटियों में रखी 1,125 लीटर अवैध भारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) बरामद की गई. ट्रक और शराब की कुल कीमत लगभग 21 लाख रुपये बताई गई है.

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**मुरैना.** जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर के बाद कंटेनर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस मामले की जांच कर रही है. दुर्घटना चंबल संभागायुक्त कार्यालय के समीप हुई. मृतक की पहचान विवेक त्यागी के रूप में की गई है. प्रारंभिक जांच के अनुसार पत्थरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कथित रूप से गलत दिशा से आ रही थी. इसी दौरान उसने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पीछे से आ रहे कंटेनर की चपेट में आ गई, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई.

# हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी की मेजबानी करेगा भोपाल

## राजधानी के बरखेड़ा नाथू अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में होगा आयोजन

### 18.74 करोड़ रुपए की कैबिनेट ने दी मंजूरी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 जुलाई. राजधानी भोपाल 6 देशों की महिला हॉकी चैम्पियन्स ट्रॉफी की मेजबानी करेगा. ये आयोजन बरखेड़ा नाथू में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में अक्टूबर में होगा.**

इस आयोजना में मेजबान भारत के अलावा चीन, जापान, मलेशिया, साउथ कोरिया और थाइलैंड भी हिस्सा लेंगे. इस आयोजन में लगभग दो सौ महिला



हॉकी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. कैबिनेट ने मंगलवार को आयोजन में होने वाले खर्च के लिए 18.74 करोड़ रुपए मंजूर कर दिये हैं.

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में ये निर्णय हुए. इसके साथ ही हॉकी इण्डिया को अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा देश में हॉकी खेल का संचालन, प्रोत्साहन और अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए अधिकृत किया गया है. प्रतियोगिता वर्ष 2010 से निरन्तर 2 वर्ष के अन्तराल में आयोजित की जा रही है. यह अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हॉकी इण्डिया और खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जायेगी. अनुबंध अनुसार हॉकी इण्डिया को खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा पेजेंटिंग पार्टनर राईटस के लिए 11 करोड़ रूपये दिये जाएंगे. अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभाग 7 करोड़ 74 लाख रूपये खर्च करेगा .इस प्रकार आयोजन पर लगभग 18 करोड़ 74 लाख रूपये का खर्च होना संभावित है. यहां बता दें कि भोपाल के बरखेड़ा नाथू में अन्तर्राष्ट्रीय स्पोटर्स कॉम्पलेक्स को नवीन एवं आधुनिक तकनीकों के अनुरूप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार किया गया है.

कैबिनेट ने सिंगरौली की रिहन्द माइक्रो सिंचाई परियोजना को सोलहवें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक निरन्तर संचालन के लिए 111 करोड़ 4 लाख रूपये की स्वीकृति दी है.

उत्सव | अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम ने दी जानकारी

# महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के रूप में मनेगा गुरू पूर्णिमा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 28 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में इस वर्ष गुरू पूर्णिमा महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के रूप में मनाई जाएगी. महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के रूप में मनाई जा रही गुरू पूर्णिमा को जनभागीदारी के उत्सव के रूप में मनाया जायेगा.**

इसे सांस्कृतिक-शैक्षणिक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए, जिससे गुरु-शिष्य परम्परा का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले यह विचार व्यक्त किए.




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगणों को गुरु पूर्णिमा की अग्रिम शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण शीघ्र करा लिया जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले नवनियुक्त मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्य सचिव के रूप में अशोक बर्णवाल की यह कैबिनेट की पहली बैठक है. बर्णवाल ने अपने 35 वर्ष के सेवाकाल में वन, पर्यावरण, कृषि, स्वास्थ्य, वित्त, कमजोर वर्ग कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विभागों के दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन किया. सुशासन और अनुशासन उनके लिए सर्वोपरि रहा है. कृषि कल्याण वर्ष 2026, युवा कल्याण वर्ष 2027, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 और सिंहस्थ 2028 जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के देश और दुनिया साक्षी बनेंगे. इस दृष्टि से बर्णवाल का कार्यकाल अनेक संभावनाओं से भरा होगा. हम सभी अपने मन की संकल्प शक्ति से बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करेंगे. बर्णवाल प्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी सहित सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि अनुराग जैन राज्य के पहले ऐसे अधिकारी हैं, जो मुख्य सचिव के बाद भारत सरकार के नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने हैं.

### पुलिस महकमें में दोहरी खुशी का मौका

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र के सभी शासकीय विभागों में अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है. पुलिस विभाग में भी 25 हजार से अधिक पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है. इसके साथ ही मप्र पुलिस में विभिन्न श्रेणियों के 9 हजार 662 पदों को मंजूरी दी गई. राज्य सरकार ने बीते वर्ष लगभग 8 हजार 500 पद स्वीकृत किए थे. इस प्रकार से दो वर्ष में पुलिस विभाग में लगभग 18 हजार पद स्वीकृत हुए. मुख्यमंत्री ने पेपर लीक और परीक्षा से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाने की जानकारी भी मंत्रियों को दी.

## पेज तीन का शेष

# हर शुक्रवार जनता के द्वार पहुंचेगी सरकार

निर्णय के मुताबिक अब प्रत्येक शुक्रवार मंत्रालय, जिला और संभाग स्तर पर नियमित बड़ी बैठकें नहीं होंगी. इसके बजाय मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधे संवाद करेंगे. अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी, ताकि पात्र हितग्राहियों तक समय पर योजनाओं का लाभ पहुंच सके.

**भ्रष्टाचार और लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई:** अभियान के दौरान यदि किसी स्तर पर भ्रष्टाचार, अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. अभियान का मूल मंत्र संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी रहेगा. इसके लिए किसी अतिरिक्त बजट का प्रावधान नहीं किया गया है और अनावश्यक तामझाम से भी बचा जाएगा. सरकार की प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखें. सरकार का मानना है कि प्रशासन के सीधे जनता के बीच पहुंचने से शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी, योजनाओं की प्रभावी निगरानी होगी और शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनेगी.

### सर्वेश ने हाई जंप में जीता रजत पदक

इस महीने की शुरुआत में, वह डायमंड लीग मीट में पोडियम पर जगह बनाने वाले चौथे भारतीय एथलीट बने, जब उन्होंने मोनाको में तीसरा स्थान हासिल किया. इससे दुनिया के बेहतरीन हाई जंपर्स में उनकी जगह पक्की हो गई. ग्लासगो में, भारतीय एथलीट ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और संयम बनाए रखा. वह मेडल की दौड़ में बने रहे, लेकिन 2.28 मीटर की ऊंचाई पार न कर पाने के कारण उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा. दोनों एथलीटों का बेस्ट परफॉर्मेंस एक जैसा होने के कारण बेकफ़ोर्ड को काउंटबैक के आधार पर गोल्ड मेडल दिया गया.